ये बंधन तो श्याम प्रेम बंधन है | Sukhjeet Singh Toni

रिश्ते नाते टूट गए सब
रूठ गया ये जहान है
लेकिन जो ना रूठा मुझसे
वो तो मेरा श्याम है

बंद कर लू इन अंखियों में
कहीं जाने ना उसे दूंगा
जब दिल चाहे ये मेरा
मैं श्याम से मिला करूंगा
ये बंधन तो श्याम प्रेम बंधन हैं
जन्मों का संगम हैं

तुम ही मेरी श्रद्धा हो
तेरी पूजा ही धरम है
तेरी बताई राह पे चलना
मेरा तो करम है
जब जब दुनिया में आऊ
तेरी ही छाया पाऊ
तेरे चरणों में अपना
जीवन अर्पित कर जाऊं
ये बंधन तो
श्याम प्रेम बंधन हैं
जन्मों का संगम हैं

किन गलियों में ढूंढू तुझको
किस मोड़ पे तू मिलता है
किस पर्वत पे तू रहेता है
किन नदियों संग तू बहेता है
तेरा पता तो मुझको बता दे
जरा दर्श तो अपना दिखा दे
कुछ कहना हो अगर तुझको
तो पलके तो झपका दे
ये बंधन तो श्याम प्रेम बंधन हैं
जन्मों का संगम हैं

मेरे मन के मंदिर की है
तू सबसे प्यारी मूरत
चैन मुझे आता है
जब देखूं तेरी सूरत
मेरा श्याम है भोला भाला
वो मन का नहीं है काला
अंधियारे इस जीवन में
तूने प्रकाश है डाला
ये बंधन तो श्याम प्रेम बंधन हैं
जन्मों का संगम हैं

बारिश की बूंदे जग देखे

यहां आंसू कौनो नाही
बहता पानी सब है पिए
जहां ठहरा कौनो नाही
खाली मै हाथ हु आया
कर्मों की गठरी लाया
इसके बिना जीवन में
कुछ और ना है कमाया
ये बंधन तो श्याम प्रेम बंधन हैं
जन्मों का संगम हैं

बंद कर लू इन अंखियों में
कहीं जाने ना उसे दूंगा
जब दिल चाहे ये मेरा
मैं श्याम से मिला करूंगा
ये बंधन तो श्याम प्रेम बंधन हैं
जन्मों का संगम हैं

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%af%e0%a5%87-%e0%a4%ac%e0%a4%82%e0%a4%a7%e0%a4%a8-%e0%a4%a4%e0%a5%8b-%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%aa%e0%a5%8d%e0%a4%b0%e0%a5%87%e0%a4%ae-%e0%a4%ac%e0%a4%82%e0%a4%a7/